आवश्यकता है

दैनिक गुरु एक्सप्रेस

गुरु एक्सप्रेस की प्रिंटिंग यूनिट पर रात्रि के समय 11 से 3 बजे तक काम करने वाले युवक (हेल्पर)की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार

संपर्क

संपर्क समय- शाम 4 से 6 बजे तक

कार्यालय दैनिक गुरु एक्सप्रेस

9425105928. 8319964648

डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26

ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अखबार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 149 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | सोमवार 11 मार्च 2024 | मूल्य 2 रुपया

अस्तित्व को बचाने के लिए संघर्ष कर रहा तैलिया तालाब...

डीपीआर और प्रोजेक्ट में उलझा समाधान

अधिकारी-जनप्रतिनिधि खेल रहे लापरवाही का खेल

मंदसौर, 11 मार्च गुरु एक्सप्रेस। तैलिया तालाब में अतिक्रमण या प्रदूषण का मामला नया नहीं है। समस्या धीरे-धीरे विकराल रूप लेती जा रही है और स्थिति यह हो गई है कि अस्तित्व बचाने के लिए तैलिया तालाब संघर्ष कर रहा है। इसका कारण है जनप्रतिनिधि और अधिकारियों की लापरवाही। समस्या के समाधान के लिए सिर्फ डीपीआर-प्रोजेक्ट का खेल खेला जा रहा है। बार-बार प्रोजेक्ट और डीपीआर बनाकर भेजी जा रही है। करीब आठ साल पहले 90 लाख का प्रोजेक्ट तैयार किया गया। इसके बाद नपा ने तालाब को गंदगी से मुक्त करने के बजाए 5 करोड़ की बड़ी डीपीआर तैयार कर शासन को भेजी। अब फिर से डेढ़ करोड से अधिक की डीपीआर नए सिरे से इसके लिए बनाकर भेजी है। इधर पूर्व में भी नालों को डायवर्ट करने की बनी योजना कागजों में ही दफन हो गई। मतलब कुल मिलाकर नपाध्यक्ष हो या सीएमओ अपना कार्यकाल निकालने के लिए सिर्फ डीपीआर और प्रोजेक्ट तैयार करने में लगे हैं।

राशि मंजूरी की राह देखते हर बार...

एक दो नहीं तेलिया तालाब में 16 रहवासी कॉलेनियों से निकलने वाला गंदा पानी नालों से तालाब में पहुंच रहा है तो औद्योगिक क्षेत्रो से निकलने वाला पानी भी तालाब को प्रदूषित कर रहा है। तालाब प्रदुषित होता चला जा रहा है और नपा शासन से राशि को मंजूरी की राह देख रही है। स्थानीय स्तर पर नपा ने एक भी प्रयास नहीं किया। इसके लिए एनजीटी से दो बार आदेश हो चुके है। तैलिया तालाब के सौंदर्यीकरण को लेकर हर बार प्रयोग तो खूब होते है। लेकिन, इसे प्रदूषण से नहीं बचाया जा रहा है।

एक नाले में ही डाल रहे सारी गंदगी...

मुल्तानपुरी तरफ से आ रहा नाला हो तेलिया तालाब में पानी की आवक का एकमात्र स्रोत है और इसी नाले में मेघदूत नगर, यश नगर, गांधी नगर, कर्मचारी कॉलोनी सहित 16 कॉलोनियों के साथ ही औद्योगिक क्षेत्र व बापयाम की फैक्ट्रियो का रसायनयुक्त जहरीला पानी डाला जा रहा है, जो सीधे तालाब में पहुंच रहा है। इसी कारण तालाब का पानी प्रदूषित हो रहा है। सबकी निगाह के सामने यह हो रहा है। लेकिन इसे देखने को कोई तैयार नहीं है।

एनजीटी के आदेश का पालन ही नहीं...

तेलिया तालाब में वर्षों से महू नीमच राजमार्ग पर मंडी से आगे तक बनी लगभग 16 कॉलोनियों एवं फैक्ट्रियों का गंदा पानी मिल रहा है। इसमें नपा की विकसित की हुई मेघदूत नगर, गृह निर्माण महल की गांधी नगर और कर्मचारी आवास निगम सहित यश नगर केश्व कुंज व अन्य निजी कॉलोनियां शामिल है। इन कॉलोनियों से निकल रहे गंदे तालाब के अस्तित्व पर मंडराते खतरे को देख नपा के पूर्व सभापति डॉ दिनेश जोशी ने एनजीटी में 2016 को एक याचिका दायर की थी। इसमें अतिक्रमण को लेकर तेलिया तालाब के 1974 के नक्शे के आधार पर कार्यवाही की मांग की गई थी। इस पर 17 फरवरी के आधार पर अधिकतम जल भराव क्षेत्र से नब्बे मीटर तक किसी भी तरह के निर्माण पर प्रतिबंध लगाया था। इसके बावजूद अपने अपने हिसाब से अनुमतियां दी जा रही है। शासन और जनप्रतिनिधियों ने तालाब बचाने को कर कोई प्रभावी कदम नहीं उठाए।

पहले तैयार किया था 90 लाख का प्रोजेक्ट लेकिन 5 करोड़ की बनी डीपीआर...

जिन कॉलोनियों का गंदा पानी तालाब में मिल रहा है। उसमें मेघदूत नगर, गृह निर्माण मंडल की गांधी नगर और कर्मचारी आवास निगम सहित यश नगर, केशव कुंज और अन्य निजी कॉलोनिया शामिल है। इन कॉलोनियों से निकल रहे गंदे पानी की समस्या है। इसका निराकरण नहीं हुआ। 8 साल पहले कॉलोनियों के गंदे नालों के पानी को जिपं के पास स्थित नाले में पहुंचाने के लिए 90 लाख रुपए का प्रोजेक्ट तैयार हुआ था। इसकी फाइल दिल्ली में एप्को तक पहुंची थी। पर, बाद में नगर पालिका ने इस पर ध्यान नहीं दिया। फिर 5 करोड़ की बड़ी डीपीआर तैयार की है। अब सीवरेज के पानी को रोकने के लिए डेढ़ करोड से अधिक की राशि की डीपीआर बनाकर शासन को भेजी है।

डोडाचूरा के साथ एक युवक को दबोचा

भानपुरा, 9 मार्च गुरु एक्सप्रेस। गांधीसागर पुलिस ने मुखबीर सूचना पर पंजाब निवासी एक व्यक्ति के कब्जे से 50 हजार से अधिक कीमत का 27 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा बरामद किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अवैध मादक पदार्थ तस्करी के आरोप में प्रकरण दर्ज किया है।

गांधी सागर थाने में पदस्थ एसआई गौरव लाड ने बताया कि पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली थी कि एक आरोपी अवैध मादक पदार्थ लेकर बस के रास्ते पंजाब की ओर जाने वाला है, मौके पर घेराबंदी की जाए तो आरोपी और मादक पदार्थ पकडने में सफलता मिल सकती है। मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने थाना क्षेत्र के हवाई पट्टी के निकट रावतभाटा - गांधी सागर रोड पर घेराबंदी कर लवप्रीत सिंह पिता गुरप्रीत सिंह उम्र 24 साल निवासी चक खेवली थाना अरनीवाला जिला फाजिल खा पंजाब को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली। इस दौरान उसके कब्जे वाले बैग से 27 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा बरामद किया गया। जप्त किए गए मादक पदार्थ की कीमत 54 हजार रुपए आंकी गई है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया है। आरोपी अवैध मादक पदार्थ कहां से लेकर आया था और कहां ले जा रहा था, मामले में पुलिस पूछताछ कर रही है।

चूभने लगी दोपहर की धूप

होली पर 40 डिग्री तक पहुंचेगा तापमान

मंदसौर, 9 मार्च गुरु एक्प्रेस। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से हवाओं का रुख बदलने लगा है। इस वजह से मौसम पूरी तरह शुष्क होने लगा है। साथ ही दिन और रात के तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी होने लगी है। धूप में चुभन ने शहर में गर्मी की दस्तक का अहसास कराना शुरू कर दिया है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक गर्मी का प्रभाव अब धीरे-धीरे बढ़ने लगेगा। पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर भारत से आगे बढ़ने के बाद बीच-बीच में हवाओं का रुख उत्तरी होने पर ही तापमान में मामूली गिरावट हो सकती है। उधर रविवार को शहर में अधिकतम तापमान 33 डिग्री दर्ज किया गया तो वहीं न्यूनतम तापमान में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई।

मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ अफगानिस्तान के आसपास द्रोणिका के रूप में बना हुआ है। राजस्थान पर हवा के उम्परी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। प्रदेश में हवाओं का रुख पूर्वी एवं दक्षिण-पूर्वी बना हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठमौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि मार्च का पहला सप्ताह बीत चुका है। दक्षिण भारत में तापमान बढने लगा है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से पूर्वी एवं दक्षिण-पूर्वी हवाएं चलने लगी हैं। इस वजह से मध्य प्रदेश में दिन और रात के तापमान में बढ़ोतरी होने लगी है। उत्तर भारत में पश्चिमी विक्षोभ के आने का सिलसिला तो बना हुआ है। लेकिन, अब आवृति कम होने से उनका प्रभाव उत्तर भारत के पहाड़ी एवं मैदानी क्षेत्रों तक की सीमित रहने की उम्मीद है। इस वजह से अब तापमान में विशेष गिरावट होने की संभावना काफी कम है। इस वजह से अब वातावरण में धीरे-धीरे गर्मी का प्रभाव बढने लगेगा। विशेषकर मार्च के अंतिम सप्ताह में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास तक पहुंच सकता है।

प्रदेश में गर्मी की दस्तक, पूर्वी हवाएं चलने से धूप में चुभन बढ़ी

भोपाल, 9 मार्च गुरु एक्सप्रेस। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से हवाओं का रुख बदलने लगा है। इस वजह से मौसम पूरी तरह शुष्क होने लगा है। साथ ही दिन और रात के तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी होने लगी है। धूप में चुभन ने प्रदेश में गर्मी की दस्तक का अहसास कराना शुरू कर दिया है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक गर्मी का प्रभाव अब धीरे-धीरे बढने लगेगा। पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर भारत से आगे बढने के बाद बीच-बीच में हवाओं का रुख उत्तरी होने पर ही तापमान में मामूली गिरावट हो सकती है। उधर रविवार को प्रदेश में सबसे कम 11.4 डिग्री सेल्सियस तापमान रीवा में दर्ज किया गया।

मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ अफगानिस्तान के आसपास द्रोणिका के रूप में बना हुआ है। राजस्थान पर हवा के उम्परी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। प्रदेश में हवाओं का रुख पूर्वी एवं दक्षिण-पूर्वी बना हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठमौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि मार्च का पहला सप्ताह बीत चुका है। दक्षिण भारत में तापमान बढने लगा है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से पूर्वी एवं दक्षिण-पूर्वी हवाएं चलने लगी हैं। इस वजह से मध्य प्रदेश में दिन और रात के तापमान में बढ़ोतरी होने लगी है। उत्तर भारत में पश्चिमी विक्षोभ के आने का सिलसिला तो बना हुआ है, लेकिन अब आवृति कम होने से उनका प्रभाव उत्तर भारत के पहाडी एवं मैदानी क्षेत्रों तक की सीमित रहने की उम्मीद है। इस वजह से अब तापमान में विशेष गिरावट होने की संभावना काफी कम है। इस वजह से अब वातावरण में धीरे-धीरे गर्मी का प्रभाव बढने लगेगा। विशेषकर मार्च के अंतिम सप्ताह में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास तक पहुंच सकता है।

रेलगाड़ी के किराए में अगवानी का कोई रोल नहीं?

पैसेंजर ट्रेनों में लगेगा पुराना किराया, अब 45 किमी तक की यात्रा के 10 रु लगेंगे

मंदसौर, 9 मार्च गुरु एक्सप्रेस। रेलवे बोर्ड ने जनरल टिकट का किराया कम कर दिया है। लोकसभा चुनाव से पहले रेलवे की ओर से यह फैसला लिया गया है। अब पैसेंजर ट्रेनों में जनरल टिकट लेकर 45 किमी तक सफर करने के लिए सिर्फ 10 रुपए किराया ही देना होगा। अब उदयपुर सिर्फ 40 रुपए में ही पहुंचा जा सकेगा। पहले यात्रियों को इसके इससे अधिक रुपए किराया लग रहा था। दरअसल, कोरोना काल से पहले तक साधारण ट्रेनों में न्यूनतम किराया 10 रुपए ही था। लेकिन, कोरोना के बाद जब ट्रेनों का संचालन शुरू किया तो रेलवे ने सभी ट्रेनों को स्पेशल का दर्जा देकर किराया 10 से बढ़ाकर 30 रुपए कर दिया था। जिसे करीब चार साल बाद अब रेलवे बोर्ड ने वापस कम किया है।

कोरोना काल में मार्च 2020 में ट्रेनों का संचालन बंद कर दिया गया था। इसके बाद रेलवे ने भीड कम करने के लिए स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया। जिसमें साधारण ट्रेनों के नंबरों के आगे 0 लगाकर उन्हें स्पेशल के नाम से चलाया और किराया बढा दिया था। यानी न्यूनतम किराया 30 रुपए कर दिया गया। पिछले चार साल से पैसेंजर ट्रेनों में बढा हुआ किराया वसूला गया। लेकिन, अब रेलवे बोर्ड के इस फैसले से लोकल ट्रेनों में 45 किमी तक की यात्रा करने पर मात्र 10 रुपए किराया देना होगा। वहीं, 1 से 20 किलोमीटर तक की यात्रा करने पर 5 रुपए किराया देना होगा। अब 30 रुपए में यात्री 140 किलोमीटर तक की यात्रा कर पाएंगे।

आम चुनाव के पहले चुनाव आयुक्त अरुण गोयल के इस्तीफे से हड़कंप, सीईसी को छोड़कर सारे पद हुए रिक्त

नई दिल्ली, 9 मार्च। लोकसभा चुनाव 2024 के ऐलान के पहले ही चुनाव आयोग में बड़ा चौंकाने वाला मामला सामने आया है। चुनाव आयुक्त अरुण गोयल ने अचानक से अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। गोयल के इस्तीफा को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्वीकार भी कर लिया है। 9 मार्च से चुनाव आयुक्त अरुण गोयल का इस्तीफा प्रभावी माना गया है। चुनाव आयुक्त अरुण गोयल के इस्तीफे के बाद भारत निर्वाचन आयोग में चुनाव आयुक्त के दोनों पद खाली हो गए हैं। एक चुनाव आयुक्त का पद पहले से ही खाली था। अब केवल मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ही बचे हैं।

ईसीआई के तीन प्रमुख पदों में दो खाली...

भारत चुनाव आयोग यानी इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया में मुख्य चुनाव आयुक्त के अलावा दो चुनाव आयुक्त भी होते हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार वर्तमान में अकेले ही बचे हुए हैं। चुनाव आयुक्त अरुण गोयल ने इस्तीफा दे दिया है, जबकि एक दूसरे चुनाव आयुक्त अनूप पांडेय बीते फरवरी में रिटायर हो गए है।

मुख्य चुनाव आयुक्त अगले साल होंगे रिटायर...

चुनाव आयुक्त अरुण गोयल का रिजाइन काफी अचंभित करने वाला है। यह इसलिए क्योंकि गोयल की सर्विस 2027 तक थी। वह अगले साल रिटायर हो रहे मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की जगह मुख्य चुनाव आयुक्त बनते। अरुण गोयल, 1985 बैच के पंजाब कैडर के आईएएस अधिकारी हैं। नवम्बर 2022 में उनकी नियुक्ति चुनाव आयोग में हुई थी।

लोकसभा चुनाव सिर पर और चुनाव आयोग खाली...

देश में आम चुनाव अप्रैल मई में होने वाले हैं। चुनाव आयोग सूत्रों का दावा था कि गुरुवार-शुक्रवार को चुनाव की तारीखों का ऐलान किया जाएगा। ऐसे में चुनाव आयोग में दोनों चुनाव आयुक्तों की रिक्तियां चुनाव को प्रभावित कर सकती हैं। बीते दिनों ही चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति संबंधित कानून में संशोधन केंद्र सरकार ने किया था। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार, चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पैनल में पीएम, विपक्ष का नेता, भारत के मुख्य न्यायाधीश को शामिल किया गया था। लेकिन, केंद्र सरकार ने संसद में बिल पास कर इसमें संशोधन करते हुए सीजेआई को पैनल से बाहर करते हुए केंद्र सरकार के मंत्री को जगह दे दिया था।

भक्तों ने खेली होली- शुक्रवार को भगवान गोवर्धन नाथ मंदिर में भक्तो ने प्राकृतिक रंगो से होली खेली। इस दौरान बड़ी संख्यां में भक्तगण होली के प्राकृतिक रंगो में सराबोर नजर आए।

उफ्फ... क्या बीतती है जिनके जवान बेटे-बेटी अचानक जहां छोड़ चले जाते है...

आखिर क्यों हो रही है ऐसी घटनाएं, जांच की जरूरत...

दर्द-ए-दिल

कुमार दशपुरी

मंदसौर, 9 मार्च गुरु एक्सप्रेस। पिछले 2-3 साल से हार्ट फैल की घटनाओ मे अत्यधिक इजाफा हुआ है। हार्ट फैल होना अब कोई बड़ी बात नही रही है, यह आम लोगो को आसानी से हो रही है। एक समय था, ज़ब हार्ट फैल होने की घटना वरिष्ठ वर्ग जिनकी आयु 50 साल से अधिक की होती थी, उनको ही होती थी। लेकिन, अब तो 9 वर्ष की आयु के बच्चों का भी हार्ट फैल होने लगा हैं। कई लोगो का मत यह भी है की वेक्सीन के कारण यह हो रहा है। लेकिन, छोटे बच्चों को कहां वेक्सीन लगी, जो उनका भी हार्ट फैल होने लगा.. हार्ट फैल होने के मामले मे हमने कई चिकित्स्कों से चर्चा की तो पता चला की आज कल का खान पान और व्यक्तियों का मेहनती काम न करना, इसकी बड़ी वजह है।

अक्सर हम देखते है की गर्म पेय व खाद्य पदार्थ हम प्लास्टिक की थैली मे पैक करवाकर लाते है और पीते -खाते है। जंक फूड, बाहर का खाना, भारी खाना यह सब भी आजकल के युवा हो या बुजुर्ग अथवा किशोर बड़े शौक के साथ खाते है। यह सब शरीर को नुकसान पहुंचा रहा है। क्यूंकी हैवी खाने के बाद उसको पचाने के लिए पैदल चलते ही नहीं है, साथ ही योग व व्यायाम से कोसो दूर चले गए। जिसके कारण शरीर चुस्त नहीं रहता और बीमारियों का घर बन जाता है। यह युवाओ में बीमारी का मुख्य कारण है। मंदसौर शहर की बात की जाए तो अन्न क्षेत्र से प्राप्त आकड़ो के अनुसार पिछले 3 महीनों मे 570 अंतिम संस्कार हुए है। इनमें से हर तीसरा व्यक्ति हार्ट फैल के कारण मृत हुआ। हार्ट फैल को साइलेंट अटेक, हार्ट अटेक के नाम से भी जाना जाता है। इसके साथ ही कई मामलो में मस्तिष्क में क्लाट्स जमना भी प्रमुख कारण रहा है। कई लोग ऐसे मामलो में बच गए तो कई युवा अचानक हुए इस हादसे में चल बसे। इन केसो मे हमने देखा है को कुछ मिनिट पहले आदमी हंसता, खेलता रहता है और एक दम से वह बेसुध होकर गिर जाता है। ज़ब तक लोग उसे सम्हालते, तब तक खेल खत्म हो जाता है। शिवना नदी से लगे मुक्तिधाम में कुछ दिनों में शहर के 570 लोगों की चिताएं जली। इस दौरान तापमान में भी खासा उतार-चढाव देखने में आया। क्योंकि इस दौरान सुबह-शाम ठंड का असर रहा है। खास बात यह है कि लगभग हर तीसरे व्यक्ति की मौत हार्ट फ़ैल या मस्तिष्क में क्लाट्स जमने के कारण हुई है। उनके संख्या 190 है। मृत्यु के मामले में यह दो और 2021 के कोविड के बाद सांसद भयानक रहा है। फरवरी 2024 में 209, जनवरी 2024 में 182 जबकि दिसंबर 2023 में 167 लोगों के अंतिम संस्कार मुक्तिधाम मंदसौर में हुए हैं। इधर जनवरी, फरवरी और मार्च के पहले.... शेष पेज 3 पर

वो सुरेश पचौरी कांग्रेस छोड़ गए जिन्हें सिर्फ पार्षद चुनाव ही लड़ाना बाकी था..!

मंदसौर/उज्जैन, 10 मार्च गुरु एक्सप्रेस। स्व. इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्री काल से ही कार्यकर्ता बन उभरते हुए सुरेश पचौरी प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष काबिज हो गए थे। ऐसे की युवक कांग्रेस में जो चाहते थे, करा लेते थे। अपना उत्तराधिकारी भी अपने जैसे सुरेंद्र ठाकुर को ही बनवाया था। उनकी भी हस्ती ऐसी नहीं बन पाई की पार्षद से लेकर कोई अन्य चुनाव जीत पाते। बस दोनों की ख्याति इतनी थी कि बगैर जनाधार के स्वयंभू कुशल संगठक परिभाषित करते हुए राजतंत्र चलाने वालों को पसंद आने वाली संस्कृति की प्रस्तुति के कारण सुख सम्मान देने वाले पदों पर आसीन होते रहे थे।

सुरेश पचौरी को कांग्रेस ने चार बार 24 सालों तक राज्यसभा सदस्य बनवाकर जितनी मेहरबानी कर सकती थी, की। नामांकित होते रहे थे और सुरेंद्र सिंह ठाकुर भी एक बार ही नामांकित हो पाए थे। दोनों को कांग्रेस में मैदानी योद्धा बनने के भी अवसर दिए पर क्षेत्र का जनमत नालायक निकला, जो सुरेश पचौरी और सुरेंद्र सिंह ठाकुर को लोकसभा, विधानसभा चुनाव भारी मतों से हराता रहा? दो बार सुरेंद्र सिंह ठाकुर विधानसभा चुनाव हारे और सुरेश पचौरी विधानसभा और लोकसभा दोनों ही चुनाव हारे थे। राजतंत्र में विशेष संस्कृति धारक होने के कारण सुविधा और पद उपहार में पाते जनप्रतिनिधि कहलाते रहे थे। पर, कांग्रेस ने इन्हें जब जनमत के मैदान की चुनावी स्पर्धा में उतारा तो शून्य जनाधार वाले निकले! बावजूद इसके कांग्रेस संगठन ने बड़ा दिल रखते हुए इन्हें कभी प्रदेश अध्यक्ष, कभी राष्ट्रीय सचिव, महासचिव बनाए रख उपकृत करते रहे थे। एक भी चुनाव जनमत के मैदान में न जीतने वाले सुरेश पचौरी अब अपने ही जातीय समर्थकों के साथ कांग्रेस को त्याग कर भाजपा में शामिल हो गए हैं।

चन्द्रमोहन भगत

सुरेश पचौरी का अपने समर्थको सहित भाजपा में जाने के मतलब अनेक निकाले जा रहे हैं। राजनीतिक दलों में दांव पेच, उठा पटक, जब भी जहां भी जिस दल में भी होती है तब अनेक अनुमान लगाए जाते हैं। इसमें किसी को जीताने का तो किसी को हराने जैसे अनुमान भी कारगर सिद्ध होते हैं। जैसे सुरेश पचौरी का कांग्रेस को त्यागना तो ठीक था पर भाजपा में जाना और भाजपा संगठन का इस शून्य जनाधार वाले या एक भी आम चुनाव ना जीतने वाले को अपने दल में अंगीकार करना समझ से परे है! जो खुद कभी अपने और पार्टी को कोई चुनाव न जीता सका हो वह भाजपा को क्या लाभ पंहुचा सकेगा? और जो इनके साथ भाजपा में समाए हैं, उनके लिए अपने दलों के कार्यक्रताओं को निपटा कर भाजपा कहां किस स्तर पर इन थके हुओं का समायोजन करने वाली है। यह भी खोज का विषय है..!

खैर यह बीजेपी का अंदरूनी मामला है, सिंधिया पहले से ही अपने दो दर्जन विधायकों के साथ भाजपा में समाहित हो चुके हैं और सम्मान पाकर खुद भी नजर आ रहे हैं। इनके साथ भाजपा में आए सैकड़ो कांग्रेसी अब पछता भी रहे है। कुछ ने तो वापसी भी कर ली है और अब पचोरी समर्थक के घुसने के बाद और भी अनेक वापसी की तैयारी करने लगे हैं। इस घटना के बाद पहली बार कांग्रेस में हर्ष का वातावरण बनाया जा रहा है। दबी जबान में यह भी कहा जा रहा है कि विजयलक्ष्मी साधो अभी तक कैसे कांग्रेस में है और यह भी की अब कमलनाथ कब जाने वाले हैं..? क्योंकि, पहले कहते रहे थे कि भाजपा में जाउंगा तो छुपाऊंगा नहीं, बाद में कहने लगे मीडिया ने ही हवा फैलाई थी, मैंने तो अपने मुंह से कभी नहीं कहा? फिर जो अब जाएगा सामने आएगा ही। बावजूद इसके यह गंभीर शोध का विषय बन गया चुका है कि शून्य जनाधार वाले जिन्हें कांग्रेस ने काबिलियत से बहुत अधिक सम्मान पावर दिया था, वह क्यों कांग्रेस से पल्ला झाड़ रहे हैं। कांग्रेसियों के कांग्रेस छोड़ने के कारण जानने के लिए दिग्विजय सिंह के राजनीतिक आभामंडल पर पार्टी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बहुत तीक्ष्ण नजर जमाए रखना पड़ेगी।

मुख्यमंत्री संबल योजना सबका संबल है-शर्मा

जनपद पंचायत मंदसौर में राज्यस्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण, हितग्राहियों को हितलाभ वितरीत किए

मंदसौर, 10 मार्च गुरू एक्सप्रेस। मुझे प्रसन्नता है कि मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना में जनपद पंचायत मंदसौर में सर्वाधिक 157 हितग्राहीयों को 3 करोड 32 लाख की राशि मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव के करकमलों से सिंगल क्लिक के माध्यम से ग्वालियर में आयोजित कार्यक्रम से पहुंच रही है। आज हस्तांतरित होने वाली यह राशि प्रदेश में सर्वाधिक है। परिवार पर जब असमायिक दुखों का संकट आ जाता है, तब यह योजना परिवार का सहारा बनती है। परिवार को तुरंत 5000 की आर्थिक सहायता दी जाती है। सामान्य मृत्यु पर 2 लाख, दुर्घघटना मृत्यु पर 4 लाख की अनुग्रह राशी पूर्ण पारदर्शिता के साथ पात्र परिवार को उपलब्ध कराई जाती है। मंदसौर जनपद सदैव आप सभी को योजनाओं में सुख सुविधाएं मुहैय्या कराने के लिए संकल्पित है। उक्त उदगार जनपद पंचायत मंदसौर के जनपद अध्यक्ष श्री बसंत शर्मा द्वारा जनपद सभा भवन में कार्यकम के दौरान संबल में लाभान्वित होने वाले हितग्राहियों को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये। आपने अनुग्रह राशि का सदुपयोग करने का अनुरोध हितग्राहियों से किया। ग्रामीण मंडल उपाध्यक्ष श्री ओंकारलाल माली ने कहा श्री बंसत शर्मा के नेतृत्व में जनपद नये सौपानो को छूता हुआ प्रगति के पथ पर अग्रणी है। आप ग्रामीणो के हित में दुख सुख में सदैव उनके साथ खडे रहते हैं। आपका सानिध्य पाकर जन-जन धन्य है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री रामप्रताप सिंह पंवार ने योजना पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सम्बल योजना के प्रकरणो का निराकरण जनपद द्वारा त्वरित रूप से किया जाता रहा है। यही कारण है कि आज 157 हितग्राहियों को अनुग्रह राशि प्राप्त हो रही है। जनपद में शेष 101 संबल प्रकरणो में भी शीघ्र राशि शासन द्वारा हितग्राहियों को जल्दी ही प्राप्त होगी। योजना प्रभारी राजेश प्रधान ने विस्तृत जानकारी संबल योजना अन्तर्गत दी। कार्यकम के प्रारम्भ में जनपद अध्यक्ष श्री बसंत शर्मा एंव उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर कार्यकम का शुभारंभ किया। जनपद अध्यक्ष श्री बसंत शर्मा ,ग्रामीण मंडल उपाध्यक्ष श्री ओंकारलाल माली एवं अन्य जनप्रतिनिधियों का स्वागत मुख्य कार्यपालन अधिकारी आर एस पंवार, पंचायत इंस्पेक्टर लोकेश दुबे, संबल प्रभारी राजेश प्रधान एंव हितग्राहियों द्वारा पुष्पहारों से किया गया। संबल योजना कार्यकम अन्तर्गत ग्वालियर से मध्यप्रदेश के 30591 श्रमिक परिवारों को रूपये 678 करोड की अनुग्रह सहायता राशि मुख्यमंत्री डा मोहन यादव द्वारा खातों में सिंगल क्लिक के माध्यम से हस्तांतरित की गई। मुख्यमंत्री संबल कार्यकम का लाइव प्रसारण उपस्थित समुदाय द्वारा देखा गया। कार्यकम में जनप्रतिनिधिगण, सचिव, सहायक सचिव एवं जनपद स्टाफ में मैदानी अमला उपस्थित रहा। मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना 2.0का संचालन सहायक विकास विस्तार अधिकारी लाल बहादुर श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

43वें विश्व निःयुद्ध खेल स्थापना दिवस पर निःयुद्ध गुरुओं को मिला सम्मान

मंदसौर, 10 मार्च गुरू एक्सप्रेस। नियुद्ध के 43वें स्थापना दिवस एवं महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में नियुद्ध गुरूकुल द्वारा आयोजित आदि गुरू भगवान शिव के पूजन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता चावला, अपना घर के संस्थापक श्री राव विजयसिंह, पशु पक्षी सेवक व समाजसेवी श्री ओम बडोदिया, शा.मा. विद्यालय जनता कॉलोनी के वरिष्ठ शिक्षक श्री दिनेश परमार उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नियुद्ध गुरूकुल के अध्यक्ष श्री राजेन्द्र अग्रवाल ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता चावला ने खिलाड़ियों को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नियुद्ध कला शरीर को मजबूत बनाने के साथ ही भारतीय संस्कृति को भी सिखाती है। अपना घर की बालिकाएं नियुद्ध गुरु की उपाधि प्राप्त कर चुकी है यह बहुत ही गर्व की बात है श्रीमती चावला द्वारा आश्वासन दिया गया कि नियुद्ध को भारत में और विश्व में आगे बढाने के लिए नगर पालिका मंदसौर द्वारा पुरी मदद की जाएगी। अध्यक्षता कर रहे श्री अग्रवाल ने कहा कि नियुद्ध एक शक्ति का प्रदर्शन है। भारतीय पद्धति से सिखाई जाने वाली यह कला निरंतर संपूर्ण राष्ट्र और विश्व में अपने कदम जमाती जा रही है जिससे आने वाले समय में नियुद्ध कला से कई खिलाडि और युवा अपने भविष्य को सुरक्षित कर पाएंगे। अतिथियों का स्वागत नियुद्ध संस्थापक डॉ नरेन्द्र श्रीवास्तव, ओमप्रकाश हंसवार, राजीव शर्मा, शैलेंद्र श्रीवास्तव, विजय पारखी, दिनेश परमार, प्रवीण भण्डारी, अजयसिंह चौहान, सनी घोडेला, आदित्य सुरा, अभिरुची भंडारी, अर्पण भंडारी, हिमांशु सिंह चंद्रावत, वंशिका श्रीवास्तव, हर्षिता सिसोदिया, अल्फेज अंसारी, दिव्या रैकवार, अपना घर की नियुद्ध गुरु कंकू, नीलम, संजना, पायल आदि ने किया। इस अवसर पर नियुद्ध गुरु अजयसिंह द्वारा भगवान शिव के पार्थिव शिवलिंग को अपने हाथों से निर्मित कर उसका पूजन अभिषेक किया गया साथ ही भारत के कई राज्यों में भी 43वां विश्व नियुद्ध खेल स्थापना दिवस अपने-अपने क्षेत्र में मनाया गया जिसमें मध्य प्रदेश के अलावा पश्चिम बंगाल, उडीसा, राजस्थान, गुजरात, जम्मू एंड कश्मीर, झारखंड आदि राज्य सम्मिलित थे। खिलाडियों द्वारा कार्यक्रम को आगे बढाते हुए हिन्दी भाषा का वर्णक्रम एवं नियुद्ध द्वंद का प्रदर्शन किया गया। साथ ही सभी अतिथियों व नियुद्ध गुरूओं को स्मृति चिन्ह भेंट किये गये। इस अवसर पर अतिथियों ने करीब 50 बच्चों को प्रमाण पत्र प्रदान किये जिसमें ब्लेक बेल्ट/नियुद्ध गुरु के प्रमाण पत्र श्रीवाली श्रीवास्तव, खुशी परमार , विशाल चौहान को प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन नियुद्ध गुरूकुल सचिव नियुद्ध गुरू प्रवीण भण्डारी ने किया एवं अंत में आभार प्रदर्शन नियुद्ध गुरूकुल के सहसचिव अजयसिंह चौहान ने किया।

ढोल की थाप के साथ खेली फूल और सूखे रंगों की होली

माँ नारायणी माता महिला मण्डल सेन समाज ने मनाया फागोत्सव

मंदसौर, 10 मार्च गुरू एक्सप्रेस। माँ नारायणी माता महिला मण्डल सेन समाज मंदसौर द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी खानपुरा स्थित श्री सत्यनारायण की बगीची में होली पर्व के उपलक्ष्य में फाग महोत्सव मनाया गया। इस दौरान समाज की मातृशक्ति व क्षेत्र की महिलाओं ने फाग गीतों पर ढोल की थाप पर नृत्य किया, एक-दूसरे को गुलाल लगाई तथा फूलों की बरसात कर होली पर्व की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के लाभार्थी श्रीमती कांतादेवी पुष्पादेवी मारोठिया परिवार थे। महिला मण्डल अध्यक्ष श्रीमती कलादेवी गंगवाल ने कहा कि भगवान की भक्ति कभी भी निष्फल नहीं जाती है। उत्सव हमें अपनी संस्कृति से जोडते हैं। सेन समाज की हमेशा ही भारतीय संस्कृति से जुडे पर्वों को मनाने की परम्परा रही है। इसी तारतम्य में इस वर्ष भी फाग महोत्सव क्लब की महिलाओं द्वारा धूमधाम से मनाया गया है। प्रारंभ में सेनजी महाराज, मॉ नारायणी माता, भगवान सत्यनारायण के प्रतिमाओं को गुलाल लगाकर फाग महोत्सव का शुभारंभ किया। तत्पश्चात् सभी ने रंगों के इस त्यौहार को मनाया। ढोल पर संगत श्रीमती कलाबुआ जी एवं लक्ष्मी ने दी। अंत में सभी ने प्रसादी भी ग्रहण की। इस अवसर पर कांता देवी मारोठिया, पुष्पा परिहार, मंजू सेन, इंद्रा मारोठिया, राजकुमारी मारोठिया, आशा गहलोत, टीना चौहान, पुष्पा मारोठिया, ज्योति सेन सीतामऊ, विनीता मारोठिया, सरिता राठौर, संगीता मारोठिया, स्वाति चौहान, कला गंगवाल, कृष्णा सेन, नेहा परिहार, शालिनी गंगवाल, सोनाक्षी मारोठिया, सलोनी मारोठिया, काजल मारोठिया, नन्ही बालिका वेदाशी मारोठिया, क्षेत्रवासी लक्ष्मी सोलंकी, रचना शर्मा, कल्पना बैरागी, यशस्वी मेघवाल आदि उपस्थित थी। कार्यक्रम का संचालन महिला मण्डल सचिव कृष्णा सेन ने किया एवं अंत में आभार टीना चौहान ने माना। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी स्वाति चौहान ने दी।

10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थी सुपर-5 हजार योजना हेतु आवेदन 31 तक प्रस्तुत करें

मंदसौर, 10 मार्च गुरू एक्सप्रेस। सहायक श्रमायुक्त अधिकारी द्वारा बताया गया कि म.प्र. भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के पंजीबद्ध निर्माण श्रमिकों के पुत्र/ पुत्रियों के माध्यमिक शिक्षा मंडल से प्राप्त शैक्षणिक सत्र 2022-23 में 10वीं एवं 12वीं की संकायवार प्रथम 5 हजार विद्यार्थियों प्रावीण्य सूची श्रम सेवा पोर्टल पर अपलोड कर दी गई है। पात्र विद्यार्थियों को एकमुश्त राशि रू. 25 हजार का नगद पुरस्कार मंडल द्वारा दिया जाना है। निर्माण श्रमिकों के पुत्र/पुत्रिया विद्यायल के माध्यम से आवदेन 31 मार्च 2024 तक कर सकते है। आवेदन करते समय दस्तावेज निर्माण श्रमिक का पोर्टल जनरेटेड परिचय पत्र, निर्माण श्रमिक/पंजीयक धारक की बैंक पासबुक फोटो कॉपी, संस्?थान प्रमुख का वर्तमान में अध्ययनरत का प्रमाण-पत्र एवं अंकसूची की फोटो कॉपी आवदेन के साथ निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न करें। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय सहायक श्रमायुक्त मंदसौर में सम्पर्क कर सकते है।

महिला अध्यक्ष नें प्रथम रक्तदान कर की शिविर की शुरुआत

बादपुर, 10 मार्च गुरू एक्सप्रेस। आज के समय मे थेलेसीमिया नामक बीमारी से नन्हे - मासूम बच्चो क़ो हर पंद्रह से बीस दिन मे ब्लड की जरुरत होती हैं, जिला चिकित्सालय में रक्त की कमी को देखते हुए रक्तदान शिविर का जगह जगह आयोजन कर सेवा की जा रही हैं, जीवन मूल्य फाउंडेशन संस्था के तत्वावधान में आज मल्हारगढ उप स्वास्थ्य केंद्र पर ब्लड डोनेशन कैंप का शुभारंभ सर्वे प्रथम संस्था कि महिला जिला अध्यक्ष यशोदा भास्कर ने रक्तदान कर शुभारंभ किया।वही जीवन मूल्य फाउंडेशन के आव्हान से क्षेत्र के रक्तदाता साथियों रक्तवीरों नें भी रक्तदान किया। शिविर जिसमे जिला चिकित्सालय टीम द्वारा सेवाए दि जा रही हैं। इस अवसर पर जीवन मूल्य फाउंन्डेशन प्रमुख राहुल वर्मा, दिलीप चरेड, नवनियुक्त मंदसौर जिलाध्यक्ष नीलेश माली, जिला मीडिया प्रभारी पारस राठौर, अशोक राठौर, दशरथ वर्मा, नवनियुक्त नीमच जिला अध्यक्ष अर्जुन गुर्जर, मंदसौर महिला जिला अध्यक्ष यशोदा भास्कर , महिला तहसील अध्यक्ष चांदनी माथरे, तहसील अध्यक्ष लेकेंद्र शर्मा लालाराम, प्रदीप परमार, जुगल किशोर , गोविंद सिंह, महेश दायमा , गोपाल माली, पुष्पक माली विकास माली सहित अन्य साथियों नें सेवाएं दी।

चौमुखी महादेव मारूखेड़ी में 5 दिवसीय रूद्र यज्ञ पूर्णाहुति, प्रसाद वितरण के साथ मेला संपन्न

जोगीखेड़ा, 10 मार्च गुरू एक्सप्रेस। अंचल के ग्राम मारू खेडी में तुम्बड नदी स्थित चौमुखी महादेव पर 70 वा पांच दिवसीय मेला एवं 1 कुंडात्मक यज्ञ पूर्णाहुति के साथ संपन्न हुआ। यज्ञ पूर्णाहुति के अवसर पर मेले में आए भक्तजनों को दोपहर बाद समिति द्वारा प्रसाद वितरित की गई। अंतिम दिन अंचल क्षेत्र सहित जिले भर से हजारों की संख्या में भक्तगण मेले में पहुंचे। समिति के अनुसार अंतिम दिन मेले में 15 से 20 हजार की संख्या में भक्त पहुंचे। अंतिम दिन अमावस्या होने से भी कई श्रद्धालु महादेव की पूजा अर्चना करने पहुंचे। मेले में हजारों दो पहिया एवं चार पहिया वाहन, ट्रैक्टर से अंचल सहित दूर दराज के श्रद्धालु मेले में पहुंचे। आसपास गांव के कई श्रद्धालु पैदल पहुंचे। मेले में पुरुषों की बजाय महिलाओं एवं युवक यूवतियों की संख्या की ज्यादा थी। मेले में भीड इतनी थी, कि पैर रखने तक की जगह नहीं थी। यहां मेले पहुंचे सैकडो व्यापारियों ने खाने पीने की दुकानों सहित खिलौने, मनिहारी, ठंडे पानी के मिट्टी के मटके, कुल्फी, गन्ने के रस सहित अन्य प्रकार की दुकानें लगाई थी। आज के दौर में भी अंचल के ग्रामीण अधिकांश मेले में खरीदारी करने आते हैं। व्यापारियों के अनुसार इस बार मेले में काफी भीड थी।

ज्ञात हो कि ग्रामीण अंचल क्षेत्र में यह चौमुखी महादेव मारू खेडी का मेला काफी विख्यात है। मेले में लगे झूले चकरियो मैं अंतिम दिन बडी संख्या में लोगों ने झूला झूलने का आनंद लिया। व्यापार भी अच्छा हुआ। मेले में प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम रामलीला, नाटक, मनोरंजन के कार्यक्रम आयोजित किए गए। मेले में भारी भीड को देखते हुए पुलिस पूरी तरह से चोकन्नी रही। बावजूद भीड में एक भावता की महिला अपने 4 वर्षिय बच्चे को लेकर महिला बाजार में मेला घूम रही थी। तभी अज्ञात महिला ने बालक के हाथ एवं पेर से चांदी के कडे निकाल लिए। हालांकि मेले में जगह जगह पुलिस तैनात थी। समिति एवं पुलिस द्वारा माइक से जेबकतरों, चोर, उचक्को से सावधान का अनाउंस भी किया जा रहा था। छुटपुट घटना के अलावा बडी वारदात नहीं हुई। मेला समिति द्वारा अंचल क्षेत्र के आसपास ग्रामों के ग्रामीणों के जन सहयोग से प्रतिवर्ष मेला आयोजित किया जा रहा है। पांच दिवसीय मेला एवं यज्ञ शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। यहां यज्ञ व मेला जन सहयोग से ही संपन्न होता है। समिति द्वारा जन सहयोग से प्रसाद वितरित की गई। मेले में अंतिम दिन करीब 15 से 20 हजार की संख्या में श्रद्धालु महादेव के दर्शन करने, एवं मेले में पहुंचे। मेले में अफजलपुर पुलिस बल, एनसीसी कैडिडेट, ग्राम रक्षा समिति सदस्य, चौकीदार सहित समिति के सदस्य व्यवस्था में मौजूद रहे।

धूमधाम से मनाया गया महाशिव रात्रि पर्व

मंदसौर, 10 मार्च गुरू एक्सप्रेस। मेघदूत नगर स्थित भूरिया महादेव मंदिर पर महाशिवरात्रि का पावन पर्व पूरी आस्था और विश्वास के साथ मनाया गया। मंदिर पर भूरिया महादेव की पूजा अर्चना के लिए प्रातः से ही भक्तो की लंबी कतारें लगना शुरू हो गई थी। सायं 7.30 बजे बडी संख्या में भक्तो ने मिलकर ढोल और ताशो के साथ महाआरती की, इसके बाद भव्य आयोजन में 301 किलो साबूदाने की खिचडी का महाप्रसाद बनाकर बाबा भूरिया महादेव को भोग लगाया ।इस अवसर पर मंदिर समिति के अध्यक्ष डॉ. गौतम वप्पा, सचिव रघुनंदन बैरागी सहित समिति के नेमीचंद खिमेसरा, तनीश यादव, अनिल दशोरा, गोपाल पोरवाल, रामकिशन बिरला, संजय दक, पुखराज दशोरा, राजेंद्र खिमेसरा, तन्मय वप्पा, का सहयोग रहा।

बालाजी ग्रुप निकालेगा धुलेंडी पर्व पर महागैर

मंदसौर, 10 मार्च गुरू एक्सप्रेस। श्री महावीर फतेह करे बालाजी ग्रुप के तत्वावधान में आगामी धुलेंडी पर्व पर निकलने वाली महा गैर की तैयारियों को लेकर एक बैठक तेली समाज धर्मशाला में संपन्न हुई जिसमें पूज्य संत विद्वान व नगर के गणमान्यजन, युवा सामाजिक कार्यकर्ता बडी संख्या में सम्मिलित हुए।

श्री तीन छतरी बालाजी मंदिर के संत श्री रामकिशोर दास जी महाराज ने बैठक को संबोधित करते हुए इस भव्य आयोजन के लिए अपनी शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिए। भगवान श्री खाटू श्याम मंदिर के अध्यक्ष पं. शिवकरण प्रधान ने कहा कि यह महागैर सभी को अपनत्व के रंग रंगेगी। मंदसौर नगर की और विशिष्टपहचान कायम करेगी। आरंभ में श्री बालाजी ग्रुप के जिला अध्यक्ष मंगल बैरागी ने स्वागत उद्बोधन देते हुए महा गैर की रूपरेखा प्रस्तुत की। श्री बैरागी ने कहा कि इस बार इस गैर में झांकियां और भी बाहर के कलाकार व वाद्य यंत्रों करने का विशेष आकर्षण रहेगा। श्री बैरागी कहा गैर में अनुशासनता बनी रहे इसके लिये बालाजी ग्रुप द्वारा 100 कार्यकर्ताओं की टीम बनाई जाएगी। महागैर को लेकर जल्द ही समाज प्रमुखों की एक वृहद बैठक आयोजित कर रूपरेखा तैयार की जाएगी एवं दायित्व दिये जायेंगे। बैठक में तेली समाज के अध्यक्ष राजकुमार राठौड, विश्व हिन्दू परिषद के कन्हैयालाल सोनगरा, विनय दुबेला, नरेन्द्रसिंह चौहान, मानवेन्द्रसिंह चन्द्रावत, अमरजीतसिंह चावला, नितिन गौड, राघवेन्द्रसिंह तोमर, बबीतासिंह तोमर, राजेन्द्र चाष्ट, रविन्द्र पाण्डेय, रूपनारायण मोदी, विक्की गोसर आदि ने भी महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बैठक में नगर अध्यक्ष गणपत कुमावत, राजमल भाटी, ओमप्रकाश राठौर, रूपनारायण सत्यवासी, सुनील सौलंकी, रूचिन कागला, विरेन्द्र नागोरा, राकेश भाटी, अंकित बैरागी, मुकेश राठौर, धर्मपाल कहार, चन्द्रेश खेतरा, विनोद राठौर, बाबूलाल लोहार, घनश्यामसिंह तोमर, हर्ष देवडा, जितेन्द्र सोनी, भेरूलाल सिसौदिया, प्रभुलाल राठौर, हरिराव जाधव, अनीलराव चव्हाण, प्रवीण शर्मा, दीपक दैतवाल, लोकेश ठाकुर, सूरज बैरागी, गोविन्द राठौर, दिलीप चौधरी, अनिल कसेरा, नंदकिशोर माली, विनोद चौहान, जितेन्द्र डोडिया, नन्दकिशोर, लखन कहार, रामू कहार, सहित बडी संख्या में ग्रुप के कार्यकर्ता उपस्थित थे। संचालन वरिष्ठ पत्रकार सुरेश भावसार ने किया आभार महेश मोदी ने माना।

श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर पर शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा

तीन दिवसीय आयोजन में बालाजी व शीतला माता की भी प्राण प्रतिष्ठा की गई

मंदसौर, 10 मार्च गुरू एक्सप्रेस। संजीत रोड स्थित जे माणक रेजिडेंसी कॉलोनी में श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर के निर्माण के बाद महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा की गई।

यहां चल रहे तीन दिवसीय कार्यक्रम के तहत विशेष पूजा और अनुष्ठान के साथ-साथ शिव परिवार की प्रतिमा का महाअभिषेक व पूजन किया गया इसी के साथ बालाजी व शीतला माता की प्राण प्रतिष्ठा भी की गई श्री बालाजी का चोला चढाकर विशेष श्रंगार किया गया। पंडित राहुल शर्मा द्वारा तीन दिवसीय कार्यक्रम में वैदिक मंत्रों के साथ शिव परिवार, बालाजी व शीतला माता की विधि विधान के साथ प्राण प्रतिष्ठा की गई। तीन दिवसीय कार्यक्रम में सुबह से लेकर रात तक कॉलोनीवासीयों ने प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव धूमधाम से मनाया और शिव परिवार बालाजी व शीतला माता के दर्शन किये। कार्यक्रम के पहले दिन कलश यात्रा भी निकाली गई व शनिवार को हवन की पूर्णाहुति कर भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय कार्यक्रम में शैलेंद्र सिंह भाटी, जसवंत रजवानिया, कमलेश पंड्या, जितेंद्र सिंह, लोकेश मालवीय, अनिल भट्ट, महावीर जैन, मनोज मामोडिया, महेंद्र मकवाना, महेंद्र सेठिया व कॉलोनाइजर रिंकू भुता, सुधीर लोढा, अंकित नागर एवं कॉलोनीवासी मौजूद रहे।

निःशुल्क नैत्र रोग शिविर सम्पन्न

मंदसौर, 10 मार्च गुरू एक्सप्रेस। आकोदडा सेवा समिति के तत्वाधान में रविवार को निःशुल्क नैत्र शिविर के आयोजन में क्षेत्र एवं ग्रामीण रहवासीयों में बडते ऑखो के रोग से संबंधित जॉच श्विर मे डॉ. विक्रांत भावसार द्वारा लगभग 200 से अधिक व्यक्तियों के नैत्र परीक्षण किये गयें, और जरूरत मंदो को निःशुल्क दवाईया वितरित की गई। आकोदडा सेवा समिति के इस पुनित कार्य को लेकर अतिथि विपिन संघवी ने शिविर में उपस्थित लाभार्थीयों को संबोधित करते हुएं कहा कि कालकामाता मगरामाता मंदिर में आज जो नैत्र शिविर में लाभार्थी आये है माताजी की कृपा से और नैत्र विशेषज्ञ डॉ. भावसार जी के प्रयासों से किसी को काई बीमारी न हो ऐसे हम

माताजी से प्रार्थना करते है। ग्राम पंचायत आकोदडा के सरपंच ने सभी लाभार्थी को अधिक से अधिक सख्या मे लाभ लेने हेतु प्रेरित करते हुए कहॉ कि ग्रामीण क्षेत्र के किसी भी व्यक्ति को नेत्र संबधित बडी परेशानी हो तो हम सब मिलकर उचित ईलाज हेतु सहयोग करने के लिए तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर विधिक सेवा पेरालिगल वालेंटियर दुर्गेश चंदेल ने शासन स्तर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित जिला अनदत्व निवारण समिति के बारे मे जानकारी दी गई। सेवा समिति के अध्यक्ष भुवानीराम डिलर एवं युवा सामाजिक कार्यकर्ता योगेश जोशी, पुर्व सरपंच गौरी शंकर विश्वकर्मा उप सरपंच शिवनारायण सोनावत, समाजसेवी दिनेश टेलर, दिनेश पाटीदार, भैरूलाल जोकचंद दुर्गेश पाटीदार, कन्हैयालाल पाटीदार सुनील पाटीदार ने भी शिविर मे पुर्ण समय उपस्थित रहकर नैत्र परिक्षण कराने आये लाभर्थीयों का सहयोग किया गया। आकोदडा सेवा समिति के नैत्र परिशण शिविर का संचालन प्रविण जोशी द्वारा किया गया। अभार योगेश जोशी द्वारा माना गया। शिविर में विक्रांत आई केयर हास्पिटल की और से निः शुल्क दवाईया एवं आई उपचार किट सामाग्री वितरित कि गई। यह जानकारी सेवा समिति अकोदडा के अध्यक्ष भुवानीराम विश्वकर्मा द्वारा दी गई।

नेशनल लोक अदालत का हुआ आयोजन

17 खंडपीठ के माध्यम से 279 न्यायालय में लंबित एवं 366 प्रीलिटिगेशन प्रकरण निराकृत

नीमच, 10 मार्च गुरू एक्सप्रेस। जिला मुख्यालय नीमच तथा तहसील मुख्यालय मनासा, एवं जावद न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर द्वारा प्रसारित निर्देशों के अनुरूप शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन हुआ। इस लोकअदालत में 17 खंडपीठ के माध्यम से न्यायालय में लंबित279 एवं 366 प्रीलिटिगेशन प्रकरण निराकृत हुए साथ ही मोटरयान दुर्घटना मामलों में 06 प्रकरण सफल हुए जिसमें 65 लाख 29 हजार रूपये का एवार्ड दिलाया गया। विद्युत के राजीनामा योग्य 34 प्रकरणों का निराकरण हुआ जिसमें 07 लाख 36 हजार करीब का अवार्ड पारित हुआ। चैक अनादरण मामलों में करीब 03 करोड 21 लाख रूपये 15 हजार की चैक राशि निराकृत की गई।

जिला न्यायालय परिसर में स्थित ए.डी.आर. सेंटर में सादगी पूर्ण समारोह

में मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर, प्रधान जिला न्यायाधीश श्री सुशांत हुद्दार ने नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को प्रधान जिला न्यायाधीश श्री सुशांत हुद्दार ने सम्बोधित किया। इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश श्री अजय कुमार टेलर, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय श्री डॉ. कुलदीप जैन, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री विजय कुमार सोनकर, प्रथम जिला न्यायाधीश श्रीमती सोनल चोरसिया, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री संध्या मरावी, श्रीमती पुष्पा तिलगाम न्यायिक मजिस्ट्रेट, श्रीमती रेखा मरकाम न्यायिक मजिस्ट्रेमट सहित न्यायाधीशगण, एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के उपरांत गठित खंडपीठों में लोक अदालत की कार्यवाही, खंडपीठो के पीठासीन अधिकारीगण द्वारा प्रारंभ की गई, जोकि सायं तक चलती रही। नेशनल लोक अदालत में कुल 17 खण्डपीठों में न्यायालय में लंबित 4806 प्रकरणों को रैफर्ड किया गया था, जिनमें से 279 प्रकरण लोक अदालत के माध्यम से निराकृत होकर 636 व्यक्ति लाभान्वित हुये। उक्त लंबित प्रकरणों मे से मोटरयान दुर्घटना के 06 प्रकरण निराकृत हुये, जिनमें 65 लाख 29 हजार रूपये का अवार्ड पारित हुआ। न्यायालय में लंबित प्रकरणों में सबसे अधिक राजीनामा योग्य 102 आपराधिक प्रकरण उक्त लोक अदालत के माध्यम से निराकृत हुए, जिनमें कुल राशि 08 लाख रूपये का निराकरण हुआ। इसके अतिरिक्त 86 चैक अनादरण के प्रकरण निराकृत हुये जिसमें 03 करोड 21 लाख रूपये 15 हजार का निराकरण हुआ, 11 अन्य सिविल प्रकरण, तथा 29 पारिवारिक विवादो से संबंधित मामले, सहित कुल 279 न्यायालय में लंबित प्रकरणनिराकृत हुए। नेशनल लोक अदालत में कुल 4611 प्रीलिटिगेशन प्रकरण रेफर्ड किये गये थे, जिनमें से 366 प्रकरण उक्त लोक अदालत के माध्यम से निराकृत हुये तथा करीब 34 लाख 50 हजार रूपये की वसुली होकर, 374 व्यक्ति लाभान्वित हुए।

कुटुम्ब न्यूायालय में प्रकरणों का हुआ निपटारा-नीमच में आयोजित लोक अदालत में कुटुम्ब न्यायालय नीमच के एक प्रकरण में धारा 9 एवं धारा 125द.प्र.स. के अलग अलग आवेदन लगे थे जिनमें दोनों पति-पत्नी के बीच सुलह हो गई एवं पति ने पत्नी को वापस ले जाने का निवेदन न्यायालय से किया एवं न्यायालय द्वारा प्रकरण इसी स्टेज पर प्रकरण का निराकरण लोक अदालत के माध्यम से किया एवं उक्त प्रकरण से जुडे अन्य न्याक्यालय में लंबित प्रकरणों का निपटरा लोक अदालत के माध्यम से करवाया जाकर पति-पत्नि एवं बच्चा खुशी खुशी अपने घर को रवाना हुये

अनुग्रह सहायता राशि अंतरण की गई

मनासा, 10 मार्च गुरू एक्सप्रेस। मुख्यमंत्री जन कल्याण (संबल) योजना 2.0 के अंतर्गत 30,5910 श्रमिक परिवारों को रुपए 678 करोड की अनुग्रह सहायता राशि सिंगल क्लिक सें अंतरण की गयी उसी कार्यक्रम के दौरान जनपद पंचायत मनासा सभागृह में लाइव कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई गयीं। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि प्रदुम्न मारू, भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष कैलाश पुरोहित, जनपद पंचायत सदस्य विजय शर्मा, मनासा एस डी एम पवन बरिया, जनपद सीओ अरविंद डामोर नगर परिषद मनासा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी रितेश पाटीदार एवं नगर परिषद मनासा के वार्ड क्रमांक 02 के पार्षद प्रतिनिधि दिनेश राठौर एवं बडी जनसंख्या में हितग्राहियों उपस्थित थे।

श्रमजीवी पत्रकार संघ के पुनः जितेंद्र देवड़ा बने मंदसौर जिला अध्यक्ष

भोपाल, 10 मार्च गुरू एक्सप्रेस।

श्रमजीवी पत्रकार संघ के मुख्य कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष दीपक जैन ने प्रदेश महासचिव डॉ चिराग छाजेड, प्रदेश के संगठन सचिव अशोक नायमा, प्रदेश संगठन सचिव धर्मचंद दय्या की अनुशंसा पर प्रदेश सचिव लखन गेहलोत प्रदेश उपाध्यक्ष दीपेश ओझा की सहमति से मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ के मीडिया प्रभारी पंडित नंदन शर्मा पीपली ने जितेंद्र देवडा को मंदसौर जिला अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया है। इनकी नियुक्ति से इष्टमित्रों ने बधाई दी। उक्त जानकारी प्रदेश संगठन मीडिया प्रभारी नरेंद्र सिंह राठौर ने दी।

लोकसभा चुनाव में कर्मचारियों को सुविधा केंद्र पर ही डालने होंगे वोट

भोपाल, 10 मार्च गुरू एक्सप्रेस। चुनाव ड्यूटी में साढे चार लाख से अधिक अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगती है। मतदान दल को एक दिन पहले मतदान केंद्रों पर पहुंचना होता है, ताकि वे सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पहले से कर लें। इन कर्मचारियों को मताधिकार का उपयोग करने के लिए डाक मतपत्र जारी किए जाते हैं। अभी तक डाक मतपत्र कर्मचारियों को जारी करके दिए जाते थे और वे अपनी सुविधा से मतदान करके उसे डाक से भेज देते थे।

इसको लेकर शिकायतें हुई थीं कि कर्मचारी आपस में मिलकर वोट करते हैं। इसे देखते हुए आयोग ने विधानसभा चुनाव से व्यवस्था में परिवर्तन कर दिया है। अब किसी भी मतदान दल के कर्मचारी को डाक मतपत्र घर ले जाने की अनुमति नहीं है। इन्हें प्रशिक्षण के दौरान या फिर मतदान के लिए दल रवाना होने से पहले सुविधा केंद्र पर मतदान की सुविधा दी जाती है। इसमें गोपनीयता और पारदर्शिता के लिए अस्थाई केंद्र बनाए जाते हैं। मतपेटी को सबकी उपस्थिति में सील बंद कर स्ट्रांग रूम में जमा कराया जाता है और मतदान के पहले इन्हें संबंधित विधानसभा क्षेत्रों में भेज दिया जाता है। पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई जाती है।

जल्द तय किया 65 हजार तक का सफर

सोने ने दिया तीन सौ प्रतिशत का रिटर्न

मंदसौर, 9 मार्च गुरु एक्सप्रेस। सोने का भाव रिकॉर्ड स्तर पर चल रहा है। शनिवार को बाजार बंद होने पर सोने का भाव 64, 900 रुपए प्रति दस ग्राम था। बात करें सोने के 72 से लगभग 65 हजार रुपए तक के सफर की। 1970 से अब तक यानी लगभग 54 साल में सोने ने 300 प्रतिशत से ज्यादा का रिटर्न दिया है। सोने का रेट 1970 में करीब 185 रुपये प्रति 10 ग्राम पर था। जबकि, इसके पहले महज 5 साल पहले जब भारत और पाकिस्तान का युद्ध हुआ था। तब 1965 में सोने का भाव करीब 72 रुपये पर था। यानी कुछ ही साल में जब भारत का इतिहास नई करवट ले रहा था, सोने में निवेश किया पैसा साल दर साल 20 प्रतिशत की दर से बढ रहा था।

इधर सोने के दामों में लगातार उछाल आ रहा है। इस समय शादियों का सीजन होने से सोने की बिक्री भी तेज है। दामों में तेजी से हो रहा इजाफा खरीदारों के लिए चिंता का विषय बन रहा है। ऐसे में ग्राहकों को कम वजन में हैवी डिजाइन ज्वेलरी को लेकर ज्वेलर्स फोकस कर रहे हैं। दामों में पिछले कुछ दिनों में हुई बढोतरी और बाजार पर आए प्रभाव सीजन को प्रभावित कर सकते हैं।

5 साल में डबल हो गया रेट

पिछले 10 दशकों में सोने की कीमतों का आकलन करें, तो चौंकाने वाले आंकडे मिलते हैं। साल 1929 में सोने की कीमत मात्र 18 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी, जो अब लगभग पैसठ हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर तक पहुंच चुकी है। इस तरह पिछले 95 सालों में सोने की कीमत 3600 गुना बढ गई है। यह आंकडा बताता है कि सोने की कीमत 1-1 दशक में कई गुना बढ गई। आने वाले समय में भी सोने में बडी तेजी आने के आसार नजर आ रहे हैं। पिछले सौ सालों के अंदर सोने की कीमत में 1969 से 1979 के बीच सबसे ज्यादा बढोतरी हुई है। इस दशक में सोने की कीमत पांच गुना से अधिक बढ गई।सोने का भाव 2015 में 26,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा. 2020 तक पहुंचते-पहुंचते इसका भाव लगभग डबल हो गया और इसने 50,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के आंकडे को पार कर लिया। अब 2024 में सोने का भाव 65,000 के स्तर तक को छू चुका है।

25 प्रतिशत पुराने आभूषणों की बिक्री...

शादी सीजन में सोने के बढते दाम दुकानदारों के समीकरण बिगाड रहा है। इससे बिक्री पर असर न पडे, इसलिए ग्राहकों को कम वजन में हैवी डिजाइनिंग पर ज्वेलर्स काम कर रहे हैं। शादी-ब्याह वाले कम वजन के आभूषणों पर ध्यान दे रहे हैं। साथ ही पुराने सोने की बिक्री भी कर रहे हैं। बाजार में 25 प्रतिशत पुराने आभूषणों की बिक्री का अनुमान लगाया जा रहा है।

निवेश के लिए भी बेच रहे सोना...

सराफा बाजार से जुड़े जानकारों का कहना है कि पहले ज्यादातर ग्राहक ऐसे थे, जो पुरानी गोल्ड ज्वैलरी बेचकर शादी-ब्याह के लिए नया सोना खरीदते थे, लेकिन अब लोग नए निवेश के लिए भी सोना बेचने आ रहे हैं। कुछ लोग आर्थिक हालत कमजोर होने से यह कदम उठा रहे हैं। घरेलू कीमतों में बढोतरी का फायदा उठाने के लिए भी लोग पुराने गहनों की बिक्री कर रहे हैं। प्रत्येक सौ ग्राम सोने की तुलना में 10 से 15 फीसदी पुराने गहनों की बिक्री होती है। इस साल यह 25 फीसदी तक पहुंच सकती है, क्योंकि कीमतें तेजी से बढ रही हैं। व्यापारियों के अनुसार सोने के दाम ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए हैं। ग्राहकों को कम वजन में हैवी डिजाइनिंग के अच्छे गहने उपलब्ध रहा रहे हैं।

मध्यम वर्ग पर ज्यादा असर...

सराफा व्यापारियों का कहना है कि सोने के बढते दामों का असर मध्यमवर्ग पर पडा है। बाजार में उच्चवर्ग के लोग ही खरीदी करने अधिक आ रहे हैं। इस समय सोने के साथ चांदी में भी उछाल आया है। यह ज्वेलरी के साथ निवेश के लिए भी अच्छा विकल्प है। सोना कई साल से अच्छे रिटर्न दे रहा है।

भाजपा के प्रचार एवं सुझाव हेतु एलईडी रथ आए

सांसद गुप्ता एवं भाजपा जिलाध्यक्ष अटोलिया ने ध्वज दिखाकर किया रवाना

मंदसौर, 10 मार्च गुरु एक्सप्रेस। भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश नेतृत्व द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 में विजय श्री प्राप्त करने एवं 2047 में सशक्त भारत निर्माण हेतु जनता जनार्दन से सुझाव आमंत्रित करने के लिए प्रचार रथ प्रत्येक लोकसभा में भेजे गए हैं । इसी तारतम्य में मंदसौर लोकसभा क्षेत्र में दो प्रचार रथ प्राप्त हुए हैं जिनका विधिवत शुभारंभ आज सांसद एवं लोकसभा प्रत्याशी सुधीर गुप्ता तथा भाजपा जिला अध्यक्ष नानालाल अटोलिया ने पार्टी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में भाजपा का ध्वज दिखाकर रवाना किया। इस एलईडी रथ से भाजपा का प्रचार-प्रसार होगा तथा नुक्कड़ सभा के माध्यम से सरकार की योजनाओं की जानकारी दी जावेगी तथा जनता से प्राप्त सुझावों को भाजपा संकल्प पत्र में शामिल करेगी। इस अवसर पर सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी सुधीर गुप्ता ने कहा कि भाजपा सबका साथ, सबका विकास की अवधारणा पर काम करती है। एलईडी रथों के माध्यम से सभी लोकसभा क्षेत्रों में जनता के साथ जुड़कर सुझाव लिए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में तीसरी बार फिर सरकार बनने जा रही है। चारों और एक ही नारा सुनाई दे रहा है अबकी बार 400 पार।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष नानालाल अटोलिया ने कहा कि मंदसौर नीमच जावरा लोकसभा क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार के लिए दो-दो एलईडी रथ प्राप्त हुए है एक मंदसौर जिले में तथा दूसरा नीमच जिले के साथ जावरा क्षेत्र को कवर करेगा। सुझाव पेटियों के साथ-साथ हम जागृति रथ भी निकालेंगे। निश्चित विजय हमारे सामने है, हमें बूथ स्तर तक मोदी सरकार की गारंटी को पहुंचना होगा।

इसके पूर्व सांसद एंव भाजपा प्रत्याशी सुधीर गुप्ता एंव भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया ने मंदसौर एंव मल्हारगढ विधानसभा के मंडल अध्यक्ष गण एंव महामंत्री गणों की आवश्यक बैठक ली। जिसमें दिनांक 15 मार्च से प्रत्येक बूथ पर 10 दिन विस्तारक अभियान चलाने की कार्ययोजना को मूर्त रूप दिया गया। इस अवसर पर जिला भाजपा पदाधिकारी निलेश जैन अंकित सोनी, मंदसौर विधानसभा के मंडल अध्यक्ष अरविंद सारस्वत, विकास सुराणा, ईश्वरसिंह पंवार, मल्हारगढ विधानसभा मंडल अध्यक्ष जीवन शर्मा, सांमतसिंह शक्तावत, राजेंद्र सिंह राणा, मयंकमावर, रॉकी यादव, नीरज जोशी, मुकेश मालवीय, पप्पू पाटीदार, देवीलाल सिसोदिया, सुनिल शर्मा, गोविंद कण्डारा, गजेंद्रसिंह बानीखेडी, अरिहंत जैन, बंशीलाल धनगर, विनोद धनगर, अनुप माहेश्वरी, रोनक कर्नावट सहित पदाधिकारी एंव कार्यकर्तागण उपस्थित थे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी निलेश जैन ने दी।

मामला पांचवीं-आठवीं का पर्चा वायरल होने का...

यूट्यूब और टेलीग्राम चैनल के खिलाफ एफआईआर

मंदसौर, 9 मार्च गुरु एक्सप्रेस। एमपी बोर्ड दसवीं, बारहवीं के बाद अब पांचवी, आठवीं की परीक्षा के भी कई तरह के पर्चे यू ट्यूब पर वायरल होने के बाद क्राइम ब्रांच ने 2 यू ट्यूब व टेलीग्राम चैनलों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इसमें एक यू ट्यूब चैनल जीत मीडिल क्लास और मीडिल क्लास एकेएस के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

भोपाल क्राइम ब्रांच ने धारा 419 और आईटी एक्ट की धारा 66 सी के तहत एफआईआर दर्ज की है। इससे पहले राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा आयोजित की जा रही पांचवी, आठवीं कक्षाओं की बोर्ड पैटर्न परीक्षाओं के फर्जी एवं भ्रामक प्रश्न पत्र सोशल मीडिया पर वायरल करने वाले असामाजिक व्यक्तियों के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की शिकायत केंद्र ने की थी। उल्लेखनीय है कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म यूट्यूब और टेलीग्राम आदि पर कतिपय असामाजिक व्यक्तियों के द्वारा निज हित से परीक्षा प्रश्न पत्र को उपलब्ध कराने के प्रलोभन देकर विद्यार्थियों और अभिभावकों को भ्रामक एवं फर्जी प्रश्न पत्र उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

छात्रों से की अपील...

संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र ने विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों से अपील की है कि वे ऐसे किसी प्रलोभनों में ना आएं और पूर्ण मनोयोग से अपनी परीक्षा दें। उन्होंने कहा किए ये साइबर अपराधी आपकी व्यक्तिगत जानकारियों का दुरूपयोग कर आपको भी किसी आपराधिक प्रकरण में संलग्न कर सकते हैं। इनके प्रलोभन में फसकर विद्यार्थी का आर्थिक नुकसान तो होगा ही साथ ही आपराधिक संलिप्तता का प्रकरण उनके विरूध्द भी दर्ज हो सकता है।

जोधपुर जा रही बस का टायर फटा

डिवाइडर पार कर कर 8 फीट खाई में उतरी बस

मंदसौर, 9 मार्च गुरु एक्सप्रेस। शुक्रवार देर शाम इंदौर से रतलाम, मंदसौर होकर जोधपुर जा रही स्लीपर बस का ड्रायवर साइड का टायर फटने से बस असंतुलित हो गई। फोरलेन के डिवाइडर को पार करते हुए बस रांग साइड की रोड क्रॉस कर 8 फीट गहरी खाई में उतर गई। गनीमत रही कि डिवाइडर व रोड क्रॉस करते समय सामने से कोई वाहन नहीं आया। नहीं तो बडी घटना की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है।

शनिवार शाम 4 बजे इंदौर से जैन ट्रैवल्स की बस क्रमांक एआर 01 यू 0999 राजस्थान के जोधपुर के लिए रवाना हुई। बस 42 सीटर थी। बस में करीब 35 यात्री सवार थे। रात करीब 10.30 बजे रतलाम से आगे बड़ौदा फंटे के समीप फोरलेन पर बस ड्रायवर साइड का अचानक टायर फट गया। जिससे बस का बैलेंस बिगड गया। ड्राइवर भागीरथ चौधरी निवासी जोधपुर ने बताया फोरलेन पर रास्ते में बडौदा फंटे पर मेरी साइड का टायर फटने से बस असंतुलित हो गई। बस डिवाइडर कूदते हुए दूसरी ओर की रोड क्रास करते हुए करीब 8 फीट गहरी खाई में उतर गई। अचानक से हुए घटनाक्रम से बस में बैठे यात्री सहम गए।

यह हुए घायल- हादसे में कन्याकंवर (70) हिसरपुर मारवाड, सुखकंवर (52) पाली राजस्थान, बस क्लीनर मांगीलाल (40), मूलाराम चौधरी निवासी जोधपुर, सोनू (18) पिता मोजीराम खींची सहित 7 यात्री घायल हुए हैं। चार को मेडिकल कॉलेज लाकर भर्ती कराया गया। बाकी को हल्की चोंट लगी है।

आचार्य चयन परीक्षा के प्रथम चरण में लिखित परीक्षा का हुआ आयोजन

मंदसौर, 10 मार्च गुरु एक्सप्रेस। सरस्वती विद्या मंदिर सीबीएसई संजीत मार्ग मंदसौर पर विद्या भारती की योजना के अंतर्गत प्रतिवर्षानुसार आयोजित होने वाली आचार्य चयन परीक्षा के प्रथम चरण में लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया । इसके अंतर्गत मंदसौर शहर व आसपास के क्षेत्रों के 100 से अधिक प्रतिभागियों ने प्रतिभागिता की। विद्यालय द्वारा प्रतिभागियों का सर्वप्रथम कुमकुम तिलक के साथ स्वागत किया गया व परीक्षा हेतु शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर परीक्षार्थियों का उत्साहवर्धन करने हेतु समिति उपाध्यक्ष श्रीमती वर्तिका पारीक, सरस्वती विहार शैक्षणिक संस्थान के प्रबंधक व सहसचिव श्री सुनील शर्मा, विद्यालय प्राचार्य डॉ. सरोज प्रसाद, प्रधानाचार्य श्री प्रवीण मिश्रा, उपप्राचार्य सुश्री लक्ष्मी राठौड व आचार्य परिवार उपस्थित रहा।

सांसद सुधीर गुप्ता के सकारात्मक प्रयास से रेलवे में एक और बड़ी सौगात...

नवीन उज्जैन-चित्तौड़ डेली पैसेंजर ट्रेन कल से प्रारंभ

मंदसौर/नीमच, 10 मार्च गुरु एक्सप्रेस। सांसद सुधीर गुप्ता के अथक प्रयास क्षेत्र के विकास में लगातार नए आयाम छू रहे हैं। इसी के तहत लोकसभा क्षेत्र के नीमच व मंदसौर सहित रविवार को रेलवे के क्षेत्र में बडी सौगात मिली है जिसके तहत अब उज्जैन जाने वाले यात्रियों को सुविधा मिलेगी। रेलवे द्वारा प्रतिदिन उज्जैन के लिए ट्रेन का परिचालन शुरू किया जा रहा है।

रेलवे के क्षेत्र में संसदीय क्षेत्र को लगातार विकास के पंख लग रहे है। जहां सुवासरा शामगढ में ट्रेनों के स्टॉपेज से खुशी का माहौल है तो नीमच, मंदसौर व जावरा सहित अन्य यात्रियों को भी उज्जैन के लिए प्रतिदिन ट्रेन की सुविधा मिलेगी। रेलवे द्वारा उज्जैन-चित्तौडगढ-उज्जैन यात्री ट्रेन का परिचालन शुरू किया जा रहा है। इस ट्रेन का परिचालन लगभग 2 वर्षों पूर्व स्वीकृति के बाद भी विभिन्न कारणों से प्रारंभ नहीं हो पा रही था। जिसके बाद सांसद सुधीर गुप्ता केन्द्रीय रेल मंत्री सहित अन्य रेलवे अधिकारियों से लगातार संपर्क में थे। यह ट्रेन उज्जैन से सुबह 10.30 बजे चलेगी जो 2.18 बजे जावरा, 3.17 मंदसौर, 4.10 बजे नीमच, होते हुए 5.20 मिनिट पर चितौडगढ पहुंचेगी। इसी के साथ ही चितौडगढ से 5.40 मिनिट पर चलकर नीमच 6.42 बजे, मंदसौर 7.30 बजे व जावरा 8.28 बजे चलकर करीब 12 बजे उज्जैन पहुंचेगी। ट्रेन 13 मार्च से अपने नियमित समय पर चलेगी। सांसद गुप्ता ने बताया कि साधारण श्रेणी की इस डेली ट्रेन से दिन में अनारक्षित श्रेणी से यात्रा करने वाले हजारों यात्रियों को चितौड नीमच जावरा रतलाम फतेहाबाद उज्जैन की ओर आवागमन हेतु सस्ती और सुलभ ट्रेन सुविधा मिल जायेगी। पर्यटन की दृष्टि से भी ट्रेन महत्वपूर्ण है। राजस्थान के यात्रियों को श्री पशुपतिनाथ व महाकाल दर्शन का लाभ मिलेगा। सांसद गुप्ता ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केन्द्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार प्रकट किया।

मादा चीता गामिनी ने दिया पांच शावकों को जन्म

श्योपुर, 10 मार्च गुरु एक्सप्रेस। दक्षिण अफ्रीका के त्वालु कालाहारी रिजर्व से लाई गई मादा चीता गामिनी, ने 5 शावकों को जन्म दिया है। इससे भारत में जन्मे शावकों की संख्या 13 हो गई है। यह भारतीय धरती पर चौथा चीता वंश है और दक्षिण अफ्रीका से लाया गया चीता का पहला वंश है। वन अधिकारियों, पशु चिकित्सकों और फील्ड स्टाफ की टीम को बधाईयां मिल रही हैं। जिन्होंने चीतों के लिए तनाव मुक्त वातावरण सुनिश्चित किया है, जिससे सफल मेटिंग और शावकों का जन्म हुआ है। कूनो राष्ट्रीय उद्यान में शावकों सहित चीतों की कुल संख्या 26 है।

धर्मशाला की जमीन आवंटित नहीं होने के कारण सूर्यवंशी समाज के लोग अनिश्चित कालीन मौन धरने पर बैठे

नाहरगढ़, 10 मार्च गुरु एक्सप्रेस। नाहरगढ बस स्टैंड ग्राम पंचायत के सामने टेंट लगाकर निश्चित कालीन धरने पर सूर्यवंशी समाज के लोग बैठे हैं। क्षेत्रीय विधायक श्री हरदीप सिंह डंग ने विगत साल 5 फरवरी 2023 को रविदास जयंती के उपलक्ष में नाहरगढ के सत्संग भवन में समाज के समुख विधायक जी ने 2 लाख की घोषणा सूर्यवंशी समाज की धर्मशाला बनाने के लिए की थी। और पैसा भी समाज मिल गया था, जिसमें समाज लोगे ने एक लाख रुपए टिन सेट बनवाया, ओर एक लाख समाज खाते मोजुद है। भूमि सर्वे नंबर 850 21 आरी जमीन नाहरगढ स्थित है। जो धर्मशाला के लिए मंजूर की गई थी। अभी तक भूमि आवंटित नहीं होने के कारण समाज के लोग अनिश्चित कालीन मोंन धरना प्रदर्शन कर रहे हैं।

समाज के प्रतिनिधि मंडल में कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार, जितने भी अधिकारी है। उन सबको भूमि आवंटित के लिए लिखित में आवेदन से रूबरू भी करवाया था, किंतु कोई निराकरण आज दिन तक नहीं हुआ। एक आवेदन विगत साल 7/10/2023 उस समय श्री जगदीश देवडा भी दिया गया था, फिर उसके पश्चात आदेश पर जमीन की नपती भी हुई थी। फिर उसके बाद किसी ने कोई सुनवाई नहीं की और आज समाज के लोगों ने एकमत से निर्णय लेकर समाज की धर्मशाला की भूमि आवंटित के लिए मौन धरने पर बैठने को मजबूर होना पड रहा है। ऐसे में उच्चस्तरीय नेता एवं जिला तथा तहसील स्तरीय अधिकारियो को तुरंत पूरे मामले पर संज्ञान लेकर तुरंत निराकरण करना चाहिए, ताकि समाज के लोग अपने दिनचर्या के काम पर लौट सके। जिस भूमि पर आवंटित करने के लिए समाज के लोग बैठे हैं। वह भूमि शासकीय है। जब शासकीय भूमि का उपयोग समाज के हित में और गांव के हित में धर्मशाला बनाने के लिए किया जा रहा है। तो इसमें किसी को कोई परेज नहीं होना चाहिए। तो ऐसे में शासकीय जमीन पर अधिकारी एवं नेता के हस्तक्षेप से समाज को देने में कोई दिलचस्पी क्यों नहीं दिख रहे हैं।

सुरक्षा बलों ने पुंछ में आतंकी ठिकाने का किया भंडाफोड़, बरामद किए 7 आईईडी, बड़ी घटना टली

जम्मू, 10 मार्च। जम्मू-कश्मीर के पुंछ में सुरक्षाबलों ने रविवार को सात आईईडी बरामद किए। इससे एक बडी त्रासदी टल गई। पुलिस ने बताया, राष्ट्रीय राइफल्स और स्थानीय पुलिस की एक टीम ने तलाशी अभियान के दौरान जिले के सुरनकोट तहसील के दारा सांगला इलाके से आईईडी और एक वायरलेस सेट बरामद किया। पुलिस ने कहा कि सुरक्षा बलों ने इलाके से सभी आईईडी को सुरक्षित हटा दिया है। आईईडी एक मंदिर के नजदीक पाए गए थे। इन विस्फोटक उपकरणों की समय पर बरामदगी से एक बडी त्रासदी टल गई, क्योंकि मंदिर में स्थानीय लोगों की भीड होती है। अधिकारियों कहना है कि कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि इस ठिकाने का इस्तेमाल दो दशक पहले क्षेत्र में सक्रिय आतंकवादियों द्वारा किया गया था।

सीएम राइज स्कूल में 16 मार्च से शुरु होगी प्रवेश प्रक्रिया

मंदसौर, 9 मार्च गुरु एक्सप्रेस। अंचल सहित प्रदेश के सीएम राइज स्कूलों में 16 मार्च से प्रवेश प्रक्रिया शुरू होगी। इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय ने दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। विद्यालय की प्रारंभिक कक्षा केजी-1 व पहली में प्रवेश दिए जाएंगे। आवेदन की अंतिम तारीख 23 मार्च तक होंगे।

6 अप्रेल तक फार्म भरवाना, अभिलेख प्राप्त कराना और शुल्क लागू हो तो उसे प्राप्त किया जाएगा। नए सत्र की क्लास एक अप्रेल से शुरू होंगी। प्रदेश के 275 सीएम राइज स्कूलों में प्रवेश के दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि कक्षा 6 और 9 में विद्यालय एवं इसके कैंपस विद्यालय के विद्यार्थियों का प्रवेश पूर्ण होने के बाद रिक्त स्थानों का आकलन और अन्य विद्यालयों के विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा।

- 16 मार्च से विद्यालय की प्रारंभिक कक्षा केजी-1/ पहली में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू होगी। स्कूलों में आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया 16 से 23 मार्च के बीच होगी।
- 28 मार्च को प्रवेश सूची जारी की जाएगी।
- 6 अप्रैल तक फार्म भरवाना, अभिलेख प्राप्त कराना एवं शुल्क लागू हो, तो उसे प्राप्त किया जाएगा।
- नए सत्र की कक्षाएं एक अप्रैल 2024 से शुरू होंगी।

स्कूल स्टाफ के बच्चों को मिलेगा सीधा प्रवेश...

स्कूल में कार्यरत शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक स्टाफ के बच्चों को उसी स्कूल में सीधे प्रवेश (लाटरी सिस्टम से न दिए जाकर सीधे प्रवेश) दिए जाने का प्रविधान किया गया है। प्रवेश प्रक्रिया अंतर्गत 15 मार्च तक प्राचार्य द्वारा हिंदी/इंग्लिश मीडियम तथा क्लास वॉइज आकलन कर रिक्त स्थानों की सीएम राइज विमर्श पर प्रविष्टि की जाएगी।

आखिर क्यों हो रही है ऐसी... पेज 1 से जारी

पखवाड़े की कहानी भी यही कहती है। शीतकाल की इस तीन माह वाली अवधि में हृदय रोग संबंधी रोगों के शिकार हुए लोगों की उम्र 21 से 78 साल तक की रही है। मुक्तिधाम में पिछले 20 साल से सेवा दे रही निर्मला कलवासिया व बीते 7 साल से सेवा देने वाले कालू सिंह बताते हैं कि हार्ट अटैक से मौत के मामले लगातार आ रहे हैं। पहले एक्सीडेंट, कोई गंभीर सर्जरी या ऑपरेशन फैल हो या कोई गंभीर बीमारी, वृद्धावस्था से सामान्य मौत या किसी कर्म से आत्महत्या के मामले अधिक आते थे। लेकिन रजिस्टर में जब एंट्री करने के लिए आज के परिजन आते हैं तो वह कहते कि हार्ट फैल या ब्रेन स्ट्रोक्स से अचानक सब कुछ हो गया। इधर जागृत लोगों का कहना है कि बाजार में खाद्य पदार्थ जैसे तेल, घी, पनीर, दूध में भी मिलावट काफी मात्रा में हो रही है जो की हार्ट अटैक, हार्ट फैल, ब्रेन स्ट्रोक होने का कारण बन रही है।

इधर खेती कर रहे किसान भी फसल में यूरिया को मिला रहे है, फसलों पर केमिकल छिड़क रहे है। वह भी एक तरह से मानव के शरीर के लिए हानि कारक है। इस मामले राज्य सरकार व केंद्र सरकार बिलकुल भी गंभीर नहीं है। वह आँख बंद कर बैठी है। जबकि, लगातार मौत के बाद सिस्टम को जाग जाना चाहिए। परन्तु सिस्टम मे ही दीमक लग गया है तो आमजन क्या कर सकता है..?

12 दिन में जांचनी है दसवीं और बारहवीं की एक लाख 36 हजार कापियां

इंदौर, 10 मार्च गुरु एक्सप्रेस। माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाओं के बाद अब 22 मार्च तक मूल्यांकन कार्य पूरा करना होगा, ताकि तय समय पर परिणाम जारी हो सके। लेकिन मूल्यांकनकर्ता की कमी के चलते कापियां जांचने का लक्ष्य हर दिन बढते जा रहा है। मूल्यांकन केंद्र मालव कन्या उमावि में अब तक एक लाख 99 हजार 440 कापियां अन्य जिलों से जंचने के लिए आई हैं। इसमें से अब तक 63 हजार कापियों की जांच ही हो पाई है। बता दे कि मूल्यांकन कार्य 22 फरवरी से शुरू हो गया था। अफसरों की माने तो मूल्यांकन कार्य समय पर पूरा कर लिया जाएगा।

जानकारी के अनुसार माशिमं की दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं की कापियों को जांचने के लिए 800 शिक्षकों को मूल्यांकनकर्ता बनाया गया है। किसी तरह की गडबडी न हो, इसलिए जिन 20 कक्षों में मूल्यांकन कार्य किया जा रहा है, सभी में सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। 22 फरवरी को मूल्यांकन कार्य शुरू हुआ था। अब तक इन 18 दिनों में 63 हजार कापियों को ही जांचा गया है। वहीं अब 12 दिनों में एक लाख 36 हजार 439 कापी जांची जानी है। ऐसे में हर दिन 11 हजार से अधिक कापियों का मूल्यांकन करना होगा।

800 में से 273 मूल्यांकनकर्ता ही आ रहे- जानकारी के अनुसार वर्तमान में 800 में से 273 मूल्यांकनकर्ता ही कापियां जांचने के लिए आ रहे है। ऐसे में तय समय पर कापियां का मूल्यांकन होना मुश्किल है। मूल्यांकन केंद्र प्रभारी बबीता हयारण ने बताया कि लक्ष्य के अनुसार ही कापियों का मूल्यांकन किया जा रहा है। समय पर कापियां जांच ली जाएंगी। इसके बाद डाटाशीट मुख्यालय भेजी जाएगी, ताकि समय पर अंकसूची तैयार हो सके। जरूरत और विषय के अनुसार मूल्यांकनकर्ताओं की संख्या भी बढा रहे है।

सिंधिया फैंस क्लब द्वारा स्व. श्रीमंत सिंधिया की जयंती मनाई

मंदसौर, 10 मार्च गुरु एक्सप्रेस। सिंधिया फैंस क्लब द्वारा 10 मार्च, रविवार को पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्रीमंत माधवरावजी सिंधिया की 79वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर जिला पंचायत परिसर स्थित श्री माधवराव सिंधिया की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये तथा स्व. सिंधिया द्वारा देश हित व क्षेत्र हित में किये गये कार्यों का स्मरण किया गया। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मुकेश काला, वरिष्ठभाजपा नेता हिम्मत डांगी सहित गणमान्य भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में स्व. महाराज के जीवन पर प्रकाश डाल उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मुकेश काला ने कहा कि श्रीमंत माधवराव सिंधिया मध्यप्रदेश के कद्दावर नेताओं में गिने जाते थे। उनके बताये गये मार्ग पर श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया चलते हुए आमजन की पीडा को दूर कर रहे है। स्व. महाराज ऐसी शख्सियत थे

जिनकी बात दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सुनी जाती थी। नैतिकता की बेमिसाल उदाहरण उन्होंने अपने मंत्रित्व काल में पेश किये। वरिष्ठ भाजपा नेता हिम्मत डांगी ने कहा कि स्व. महाराज का इस मालवा क्षेत्र से विशेष लगाव रहा। स्व. महाराज ने अपने अल्पकालीन रेल मंत्रित्व काल में मालवा को अभूतपूर्व सौगातों की नींव रखी।

सिंधिया फैन्स क्लब के जिलाध्यक्ष पियूष जैन ने कहा कि पीड़ित मानवता के लिये सिंधिया परिवार सदैव तत्पर रहा है। स्व. महाराज व उनके परिवार ने मालवा के नागरिकों की अपनी संतान के समान दुःख-दर्द में सेवा की। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं पूर्व पार्षद विजय गुर्जर, भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संदीपसिंह राठौर, संजय राठौर, अम्बालाल चौहान, पूर्व पार्षद अशोक कर्नावट, मुकेश शर्मा डोरवाडा, किशोर चौधरी, पियुष जैन पानवाला, अजीजुल्लाह खान, शाकिर गढवी, प्रकाश मारू रलायता, ब्रजेश सेन मारोठिया, नवीन खोखर, विशाल माली, विष्णु भान आदि भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। संचालन सिंधिया फैंस क्लब जिला महामंत्री प्रकाश मारू रलायता ने किया एवं आभार किशोर चौधरी ने माना।

समावेशी एवं चहुंमुखी विकास की ओर बढ़ता मध्यप्रदेश



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री

डॉ. मोहन यादव

द्वारा

केन-बेतवा एवं पार्वती-कालीसिंध-चंबल जल कलश यात्रा का शुभारंभ

एवं

नियुक्ति पत्रों का वितरण

तथा

पुलिसकर्मियों को उत्कृष्ट कार्यों के लिए क्रमपूर्व पदोन्नति प्रदान

प्रात: 10:00 बजे

एवं

"स्पार्क MP"

विकसित मध्यप्रदेश - विकसित भारत कार्यक्रम का शुभारंभ

अपराह्न 3:00 बजे

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सुशासन और समावेशी विकास के संकल्प को पूरा करने की ओर मध्यप्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है।

प्रदेश की अर्थव्यवस्था का मूल आधार कृषि को और उन्नत बनाने की दिशा में साकार होने जा रहीं दो बड़ी राष्ट्रीय परियोजनाएं केन-बेतवा लिंक एवं पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक प्रदेश के विकास में मील का पत्थर साबित होगी।

डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री

11 मार्च, 2024 - कुशाभाऊ ठाकरे सभागार, भोपाल

₹44,605 करोड़ की लागत की केन-बेतवा लिंक परियोजना से 8.11 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा, 41 लाख लोगों को मिलेगा शुद्ध पेयजल

₹35 हजार करोड़ की पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना से मालवा और चंबल क्षेत्र में 3.37 लाख हेक्टेयर में सिंचाई का विस्तार, 3 लाख से अधिक परिवार होंगे लाभान्वित

परिश्रमी और जन-सेवा के लिए हमेशा तत्पर पुलिसकर्मियों को नक्सल क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मध्यप्रदेश सरकार करती है सम्मानित

"विकसित मध्यप्रदेश - विकसित भारत" के लक्ष्य की ओर "स्पार्क MP 2024" प्रदेश के युवा उद्यमियों एवं यंग अचीवर्स पर केन्द्रित आयोजन

D-11241/23 सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश शासन

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in